दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 217 मुरादाबाद 04 December 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पहली बार ऐसा राजनीतिक घमासान, घर-घर वोट मांगते नजर आए अखिलेश, भाजपा ने भी दिखाया दम

मैनपुरी- प्रदेश ही नहीं देश के राजनीतिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र जो मुलायम सिंह यादव के गढ़ के रूप में जाना जाता है। यहां के मतदाताओं ने दो उपचुनावों सहित 21 चुनाव देखे हैं। वर्ष 1996 में मुलायम सिंह यादव के पहले लोकसभा चुनाव में कांटे का मुकाबला देखा, फिर उसके बाद केवल पर्चा दाखिल कर सपा प्रत्याशियों के सांसद बनने के दौर के साक्षी बने। विरोधियों को अधूरे मन से चुनाव में उतरते देखा। परंतु इस बार जैसा चुनाव तो कभी नहीं देखा। पूरे चुनाव में एक-दो सभाएं करने वाले सैफई परिवार ने इस बार गांव-गांव की दौड़ लगाई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य रातों-दिन वोट मांगते नजर आए।

### खुद मुख्यमंत्री योगी ने की दो-दो जनसभाएं

इसके अलावा, पहली बार भाजपा ने यहां जीत के दावे के साथ पूरी ताकत झोंकी है। मैनपुरी लोकसभा सीट के इस उपचुनाव में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो-दो जनसभाएं कीं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने दो-दो दिन यहीं पर डेरा डाला और कई-कई जनसभाएं कीं। भाजपा की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ सपाइयों की धड़कनें बढ़ाती रही।

### बनने जा रहा राजनीतिक इतिहास का अध्याय

स्थानीय नेताओं के साथ दोनों दलों के दर्जनों माननीय दिन-रात वोटों के लिए लोकसभा क्षेत्र की खाक छानते रहे। ऐसा राजनीतिक घमासान मैनपुरी




ने पहली बार ही देखा है, जो राजनीतिक इतिहास का एक अध्याय बनने जा रहा है।

### 1996 में पहली बार सांसद बने थे मुलायम

राजनीति में मुलायम सिंह यादव के उदय के बाद से मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में उनका प्रभाव बढ़ना आरंभ हो गया था। वर्ष 1996 में जब वह पहली बार सांसद बने तो फिर सपा ने ऐसा वर्चस्व बनाया कि बीते चुनाव कोई अन्य जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचा। जब भी चुनाव हुआ मुलायम सिंह यादव की चंद जनसभाएं और परिवार के अन्य सदस्यों की दो-चार बार आमद ही जीत सुनिश्चित कर देती थी।

### मुलायम ने 2019 के चुनाव को बताया था आखिरी

वर्ष 2019 के चुनाव में जब मुलायम ने उसे अपना आखिरी चुनाव कहा था, तब तो मुलायम सिंह पर्चा भरने के बाद केवल एक जनसभा में आए थे। अब उनके निधन के बाद उपचुनाव की घोषणा हुई तो मैनपुरी का मतदाता प्रचार के वैसे ही माहौल की अपेक्षा कर रहा था। परंतु भाजपा ने सपा छोड़कर आए पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी घोषित करने के साथ ऐसा आक्रामक रुख दिखाया कि पूरी तस्वीर ही बदल गई।

### बदले अंदाज को भाजपा ने बनाया हथियार

पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी घोषित के करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूरे चुनाव की कमान खुद संभाल ली। चाचा शिवपाल यादव के साथ अखिलेश का मिलन सुखियां बना। मतदाताओं को अचंभित करने वाला यह घटनाक्रम यहीं नहीं थमा। खुद अखिलेश, डिंपल यादव सहित पूरा परिवार गांव-गांव, घर-घर वोट मांगने पहुंचा। हर जगह मुलायम सिंह को वोट के रूप में श्रद्धांजलि देने की अपील की। ऐसा प्रचार अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट पर अपने खुद के चुनाव में भी नहीं किया था। भाजपा ने अखिलेश यादव के इस बदले अंदाज को भी प्रहार का हथियार बनाया। भाजपा नेताओं ने हर मंच से कहा कि उनको सामने हार दिख रही है, इसलिए गांव-गांव घूमने को मजबूर हुए हैं।

### भाजपा और सपा के बीच कांटे का मुकाबला

जनता में भी इस वार-पलटवार की जबरदस्त चर्चा है। दरअसल, भाजपा ने भी इस बार मैनपुरी के चुनावी इतिहास का सबसे जबरदस्त प्रचार किया है। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मंत्री, सांसद, विधायकों की बड़ी फौज पूरे लोकसभा क्षेत्र को मथने में लगी रही। इसके चलते ही अब भाजपा और सपा के बीच कांटे का मुकाबला होना तय माना जा रहा है।

## यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म, हाईकोर्ट में इस दिन होगी अगली सुनवाई





प्रयागराज- उत्तर प्रदेश में चार दिन से चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल पांचवे दिन खत्म हो गई, जिसके बाद प्रदेश में बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई है। बिजली कर्मचारियों के संगठन के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बात हड़ताल की समाप्ति पर सहमति जताई गई है। इस बात की जानकारी अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को दी है। उन्होंने यह भी बताया कि हड़ताल की समाप्ति के साथ ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।दरअसल, प्रयागराज के कालिंदीपुरम व आसपास बिजली पानी आपूर्ति तीन दिन से ठप होने की शिकायत पर कायम जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सुबह अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने बताया था कि प्रयागराज में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

इस पर वकीलों ने बताया कि न केवल प्रयागराज वरन पूरे प्रदेश में हड़ताल से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस पर अपर महाधिवक्ता ने अपर मुख्य सचिव पावर व कर्मचारियों के बीच हुआ पत्राचार पेश किया। खंडपीठ ने कहा एक महीने पहले 29 नवंबर से हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। शासन के पास हल निकालने के लिए एक महीने का समय था। हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जब कोर्ट ने संज्ञान लिया तो प्रयागराज में विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। यह नहीं पता हड़ताल वापस हुई अथवा नहीं। इसके बाद कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) को तीन बजे तक स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। इस पर उन्होंने हाजिर होकर कोर्ट को हड़ताल वापस होने की जानकारी दी। हाइकोर्ट ने पूछा था प्रश्न- वकीलों की शिकायत पर शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की खंडपीठ ने जनहित याचिका कायम कर पूछा था कि हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ एस्मा एक्ट के तहत कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही? बिजली सप्लाई तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया था।

सकारात्मक रही बातचीत, अगली सुनवाई 6 दिसंबर को-कोर्ट को बताया गया कि ऊर्जा मंत्री ने आज हड़ताली कर्मचारियों के संगठन से बातचीत की। बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों से बातचीत सकारात्मक रही। इसमें बिजली कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। मामले में अगली सुनवाई मंगलवार छह दिसंबर को होगी।

## डिंपल यादव ने जसवंतनगर में किया रोड शो, बोलीं- नेताजी की विरासत के लिए सबसे बड़ी जंग

मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने शनिवार को जसवंतनगर में रोड शो किया। सपा का रोड शो रेल मंडी से शुरू होकर छिमारा रोड पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान जबरदस्त पुष्प वर्षा तथा डिंपल यादव जिंदाबाद के नारे सुनाई दिए। साथ ही, शिवपाल सिंह-अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। इस दौरान सपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद डिंपल यादव



ने कहा कि यह उपचुनाव नेताजी की विरासत के लिए सबसे बड़ी जंग है। नेताजी ने ही मैनपुरी की कायापलट की है। जिले में दिखने वाला सारा विकास समाजवादियों की देन है। भाजपा बताए कि मैनपुरी के विकास के लिए क्या किया है। चुनावों का परिणाम ही देश की राजनीति की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि पहला चुनाव है, जिसमें नेताजी हमारे बीच नहीं हैं। नेताजी द्वारा कराए गए विकास कार्य उनकी हमेशा याद दिलाते रहेंगे। नेताजी को नेताजी मैनपुरी ने ही बनाया। पहली बार सांसद बने तो देश के रक्षा मंत्री बने। उनके परिवारों के लिए कई यादगार निर्णय लिए। नेताजी ने मैनपुरी को देश की राजनीति में पहचान दी। पुराने लोग जानते हैं कि लोकसभा क्षेत्र आज से 40 साल पहले कैसा था। नेताजी के प्रयास से ही मैनपुरी की कायापलट हुई है। समाजवादी सरकार ने हमेशा किसानों की और युवाओं की बात की। युवाओं को रोजगार दिया। वहीं, जिनको रोजगार नहीं मिला उनको बेरोजगारी भत्ता भी दिया। मैनपुरी का विकास केवल समाजवादी ही कर सकते हैं। भाजपा तो केवल नफरत की राजनीति कर सकती है, जो हमेशा से कर रही है। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि जसवंतनगर की जनता इस उपचुनाव में सपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।

# जीपीएम कप विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन 3दिसंबर से हुआ

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जीपीएम- कप विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2022का शानदार आगाज- जिला खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति जीपीएम के तत्वाधान मे आयोजित जीपीएम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 3दिसंबर से हुआ इस प्रतियोगिता मे 16टीम हिस्सा ले रही है जिसके मुकाबले लगातार चल रहे आज जिसका उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों मे युवा आयोग सदस्य उत्तम वासुदेव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान सुश्री ममता पैकरा पवन श्रीमती आशा बबलू मराबी ओमप्रकाश बंका मदन सोनी पवन सुल्तानिया राकेश शर्मा अपर कलेक्टर बी सी एक्का संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह आर के खूंटे परियोजना अधिकारी जिला पंचायत पुष्पेंद्र शर्मा अनुविभागीय प्रवीण द्विवेदी अधिकारी राजस्व आर एन चंद्रा विकास खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश नामदेवराजेश जीवनानी शरद अग्रवाल उपस्थित थे प्रतियोगिता मे अलग अलग विभाग की टीम शामिल है जिसमें बहुत ही




रोमांचक मैच हो रहे है पहला मैच पी डब्लू डी और जिला पंचायत की बीच हुआ जिसमें जिला पंचायत ने जीत हासिल की दूसरा मैच राजस्व और उद्यान के बीच हुआ जिसमें उद्यान ने जीत हासिल की तीसरा मैच जनपद गौरैला और शिक्षा मरवाही के बीच हुआ जिसमे जनपद गौरैला ने जीत हासिल की चौथा मैच स्वास्थ्य विभाग गौरैला पेंड्रा और पी एच ई के बीच हुआ जिसमें स्वास्थ्य विभाग की जीत हुई पांचवा मैच सेजस जीपीएम और राजस्व मरवाही के बीच हुआ जिसमें राजस्व मरवाही की जीत हुई छटवा मैच शिक्षा जीपीएम और पुलिस विभाग का हुआ जिसमें पुलिस विभाग ने जीत हासिल करके अगले चक्र मे प्रवेश किया कल प्रात: 8बजे आगे के मैच होंगे आयोजित होगी आयोजन समिति के सचिव नागेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की इस तरह की विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन अवकाश के दिनों मे लगातार होते रहना चाहिए जिससे सभी लोगो को खेल से जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो साथ ही खेल के माध्यम से एक् स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का भी माहौल बने साथ ही यह भी बताया की आगे की प्रतियोगिता के लिए टीम और ज़्यदा हिस्सा लेंगी आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष टिकादास मराबी सहित रामपुरी गोस्वामी रितेश सिंह अरविन्द शुक्ला अमरीक सिंह संजय कैवरत ओमप्रकाश विक्रांत सिंह प्रखर तिवारी अम्बुज मिश्रा सतीश यादव प्रदुमन तिवारी आदि शामिल हुए ऑफिसियल की भूमिका मे फिजिकल कॉलेज पेंड्रा के 10 चयनित लोगो का सहयोग लिया गया बड़ी संख्या मे दर्शक व अन्य लोग मौजूद थे

ट्रॉफी है आकर्षक - इस विभागीय प्रतियोगिता मे विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी अलग ही तरह की है जिसकी ऊंचाई 5 फिट से अधिक है वो भी एक् आकर्षण का केंद्र बना हुआ है

# पनेठी के निकट केंटर ने कार में मारी टक्कर हंगामा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद- नेशनल हाइवे पर शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार आयशर केंटर ने कार में साइड मारदी। हादसे के बाद मौके से भाग रही पशुओं से लदी आयशर केंटर को किसी तरह लगभग पांच किलोमीटर दूर पीछा कर कार सबार लोगों ने पकड़ लिया। और ड्राइवर को कैंटर से खींचने लगे खींचतान व हंगामा देख तमाम राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गये। कार चालक योगेश निवासी नोयडा ने बताया है। वह एटा में अपने रिश्तेदारों के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पिता व पत्नी के साथ नोयडा लोट रहा था।रास्ते में तेज रफ्तार केंटर ने उसकी कार में पीछे से साइड मारदी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और वह सभी लोग बालबाल बच गये।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आदेशों का कौड़ियागंज में कार्यकर्ता कर रहे हैं उल्लंघन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ-अकराबाद - भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी चौधरी भूपेंद्र सिंह ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी थी। कि अगर किसी भाजपा नेता या कार्यकर्ता ने सम्भावित प्रत्याशी लिखकर बैनर या पोस्टर लगाकर प्रचार किया तो निश्चित तौर पर उसका टिकट काट दिया जाएगा और उसके खिलाफ अनुशासन हीनता की कार्रवाई की जायेगी। लेकिन कस्बा कौड़ियागंज में ऐसा ही कुछ देखने के लिए मिल रहा है। पूर्व चैयरमेन पति कुलदीप सिंह लोधी ने अपने को सम्भावित भाजपा समर्थित प्रत्याशी लिखकर अपना प्रचार अभियान चालू कर दिया हैं जिसको लेकर कस्बे के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुये लगातार ट्वीट कर प्रदेश अध्यक्ष से शिकायत करना शुरू कर दिया है। अब देखना है कि प्रदेश अध्यक्ष इस मामले में क्या एक्शन लेंगे। हाईकमान से ट्वीट कर शिकायत करने वाले कार्यकर्ताओं में नेपाल सिंह,अजय ,आकाश सिंह ,सुनील कुमार,रोहित आदि भाजपाई हैं।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जिले के 218 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं यूडीआईडी कार्ड वितरित किया गया। इसके अलावा दिव्यांग जनों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुकुल खेल परिसर गौरेला में आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते थी। उन्होंने दिव्यांगजनों की बेहतरी के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने दिव्यांगजनों को अद्भुत शक्ति दी है।

वे किसी की दया के मोहताज नहीं है, बस उन्हें अवसर मिलना चाहिए। श्रीमती पोर्ते ने कहा कि हमारे जिले और राज्य के दिव्यांगजनों ने पिछले माह असम गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय स्विमिंग पैरा ओलंपिक में छत्तीसगढ़ को प्राप्त 14 मेडल में से 10 मेडल जीपीएम के दिव्यांगजनों ने




जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

समारोह में राज्य युवा आयोग के सदस्य से श्री उत्तम वासुदेव और जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा ने भी जिले के दिव्यांगजनों द्वारा खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में 135 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड, 39 लोगों को श्रवण यंत्र, 11 लोगों को ट्राई साइकिल, 10 लोगों को व्हीलचेयर, 9 लोगों को छड़ी, 7 लोगों को विवाह प्रोत्साहन राशि, तीन-तीन लोगों को मोटराइज्ड साइकल एवं वैशाखी तथा दो लोगों को स्मार्ट केन वितरित किया गया। समारोह में जनपद अध्यक्ष पेंड्रा श्रीमती आशा मरावी, नगर पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्री राकेश जालान, जनपद पंचायत अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी, सरपंच श्रीमती गजमोती भानु, श्री मनोज गुप्ता, श्री इदरीस अंसारी, श्री शंकर केवट, श्री पवन सुल्तानिया, श्री ओमप्रकाश बंका, अपर कलेक्टर श्री बी सी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण श्री सुनील मिश्रा, सीएमएचओ डॉ प्रभाकर, एसडीओपी श्री अशोक वाडेगावकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जीटी रोड स्थित एक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल की दूसरी मंजिल से गिर गया

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - जीटी रोड स्थित एक स्कूल में कक्षा आठवीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल की दूसरी मंजिल से गिर गया। छात्र के सिर में गंभीर चोट आई है। उसका जबड़ा टूट गया। उसे गंभीर हालत में जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। शुरुआत में जानकारी आई कि छात्रों ने लड़ाई झगड़े में छात्र को नीचे गिरा दिया है, मगर स्कूल निदेशक ने इससे इन्कार किया है। कहा, छात्र ने खुद छलांग लगाई है। सुरक्षा विहार निवासी आठवीं का छात्र गुरुवार को रोज की तरह स्कूल गया था। वहां संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी मंजिल में मुंह के बल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले जीवन ज्योति अस्पताल में लेकर गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद अभिभावक उसको वरुण ट्रामा ले गए। वरुण ट्रामा से बाद में उसे जेएन मेडिकल कालेज में रेफर कर दिया गया है, जहां आइसीयू में उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले में पुलिस को कोई लिखित में जानकारी नहीं दी गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उसी दिन निस्तारण किया जाए-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील कांठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों



का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण करने का यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोड़े। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (jansunwai.up.nic.in) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। ड़, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया

## निशा ठाकुर बनी मिशन अखंड भारत की जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/अलीगढ/अकराबाद - मिशन अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि द्विवेदी ने शनिवार को अलीगढ़ निवासी गोपी चांदपुर निशा ठाकुर पिता का नाम नागेंद्र सिंह ठाकुर को अलीगढ महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर मिशन के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुये मिष्ठान का वितरण किया है।

## पुलिस ने स्कूल पहुंचकर ली जानकारी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/अलीगढ- बन्नादेवी थाने के एसआइ ने स्कूल पहुंचकर छात्र के पांच सहपाठियों से बातचीत कीं। इसमें उन्होंने भी बताया है कि छात्र ने खुद छलांग लगाई है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज पुलिस व पीड़ित छात्र के स्वजन को भी दिखा दी गई है। छात्र ने खुद छलांग लगाई है। पिता का आरोप, दबाव में आया बच्चा- पिता का कहना है कि बच्चा सुबह आठ बजे स्कूल गया था। 8-40 पर फोन आया कि बच्चा छत से गिर गया है। इस पर वे तुरंत अस्पताल पहुंचे। आरोप लगाया कि शिक्षिका ने दो बच्चों की पिटाई की। बच्चा इसी के दबाव में आ गया बच्चा 15 दिन से दौड़ में शामिल हो रहा था और अव्वल आ रहा था। गुरुवार को भी उसकी प्रतियोगिता थी। शिक्षिका ने उसे रेस में नहीं जाने दिया। पुलिस से इसकी शिकायत नहीं की है। पहले बच्चे का इलाज कराना प्राथमिकता है। बाद में शिकायत की जाएगी। इनका कहना है- सीसीटीवी फुटेज में छात्र खुद ही कूदते हुए दिख रहा है। हालांकि अभी लिखित में कोई शिकायत नहीं मिली है। -शिवप्रताप सिंह, सीओ द्वितीय

# धान बेचने आये किसानो को कोई न हो दिक्कत इसका रखा जाय ध्यान-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने शनिवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ब्लाक गोदाम हरिहरपुररानी धान क्रय केंद्र भिनगा का औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया इस दौरान ज्ञात हुआ,कि इस क्रय केन्द्र पर 1300.000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है,जबकि 02 दिसम्बर2022 तक 29 किसानों से 133.560 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है।जिलाधिकारी ने निर्देश



दिया,कि जो भी धान अभी तक खरीदा जा चुका है,उसे तत्काल मीलों को भेजा जाए,उन्होंने यह भी निर्देश दिया,कि किसानों से धान खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा को निर्देश दिया,कि वे निरन्तर धान क्रय केन्द्रों का मानिटरिंग करके सभी व्यवस्थाएं हमेशा सुनिश्चित रखवायें,ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये,जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील किया है,कि वे धान बेचने हेतु,अपना रजिस्ट्रेशन अपने नजदीक के जन सुविधा केन्द्रों पर जाकर वेबसाईट- https//fcs.up.gov.inपर या मोबाईल द्वारा UPKisanMitra ऐप के माध्यम से करा लें, ताकि उन्हें अपना धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पावे।

## होम्योपैथिक चिकित्सा का लगाया गया कैंप




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/ श्रावस्ती तहसील जमुनहा मे होम्योपैथिक चिकित्सा का लगाया गया कैंप। जिसमें जांच व चिकित्सा व दवाइयां का निशुल्क वितरण किया गया इस मौके पर डॉ अलका कपिल मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवीपाटन, मंडल डॉ हरिओम बाजपेई जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ अजय कुमार वर्मा चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर ऋचा सिंह चिकित्सा अधिकारी, डॉ उमेश सिंह चिकित्सा अधिकारी, सत्यप्रकाश मद्धेशिया, व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे आये लोगों ने तहसील जमुनहा के प्रांगण में कैंप लगाकर आने वाले लोगों का जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया गया

# अज्ञात कारणों से मेडिकल स्टोर मे लगी आग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/ गाजी मेडिकल स्टोर साईंगांव चौराहा पर अज्ञात कारण से आग लगने के कारण मेडिकल स्टोर में रखा दवा व कागजात व अन्य सामान जलकर राख हो गया ।श्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेला गांव के निवासी रशीद खान पुत्र शरीफ खान साईं गांव चौराहे पर पर काफी दिनों से मेडिकल स्टोर चला रहे थे शाम को बिजली न होने के कारण 6-00 बजे लगभग दुकान बंद करके घर चले गए इसके बाद अज्ञात कारण से मेडिकल स्टोर में आग लग गई कुछ लोगों ने देखा और दूरभाष पर बताया कि आपके मेडिकल स्टोर से धुआं निकल रहा है मौके पर पहुंचे तो देखा कि मेडिकल स्टोर में रखा अन्य कागजात मेडिकल स्टोर का व सारे कागजात जलकर राख हो गए सूचना पर मौके पर सुबह पहुंचे क्षेत्र लेखपाल संजीव कुमार ने जांच किया और बताया कि 90,000 का नुकसान हुआ है लेकिन ?20,000



नगदी जलकर राख हो गया नुकसान ?1,10000 का हुआ है और मेडिकल स्टोर के व कोटा का पुराना रजिस्टर व . शैक्षिक योग्यता के भी कागजत जलकर राख हो गया ।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

## Highest economic growth rate

An increase of 6.3 percent has been registered in the country's gross domestic product (GDP). This rate of increase is during the second quarter, i.e. July-September. Although this is half as compared to the economic growth rate in the April-June quarter, our rate is the highest in the world, despite the global economic slowdown, inflation and the continuation of the Russia-Ukraine war. Top economic institutions are also verifying this. The growth rate of developed countries like China, USA, Japan and Germany is half or one-third or even less than that of India. According to the figures released by the National Statistics Office, the GDP growth rate is currently in a sluggish environment, yet the growth rate is increasing. In the July-September quarter of the last year 2021-22, this rate was 8.4 per cent, but still the growth rate has been according to the assessment of rating agencies and experts. The satisfaction should be that we are getting rid of the side effects of the corona pandemic and our economy is the fastest growing in the world. An increase of about Rs 38.16 lakh crore has been recorded in the second quarter. The important aspect is that the reality of the economic growth rate is in line with the forecast of the Reserve Bank of India. During the second quarter of the financial year 2022-23, manufacturing production stood at about Rs 5.98 lakh crore, which is about 4.3 percent less. The negative growth in the manufacturing and mining sectors is a matter of concern. However, the service sector has performed better, as this sector was barely able to breathe during the second wave of corona infection in the same quarter last year. Airlines have still not reached the pre-Corona level in terms of passengers. The increase in the gross value of the economy that has come to the fore is Rs 35.05 lakh crore during the second quarter. That is, there has been an increase of 5.6 percent. The annual budget of the Government of India itself is a little more than Rs 39 lakh crore, so the gross value of the economy is living up to expectations. As far as investment is concerned during this quarter, there has been a definite increase in investment in production and capital expenditure of the government has also been increased, so normalcy seems to be building up. Positive effects are also visible in the areas of contact intensive services. New investment has increased at the rate of 10.4 percent to Rs 13.21 lakh crore. Private consumption, consumption has also expanded by 9.7 percent. It has been recorded at Rs 22.29 lakh crore in the second quarter. Apart from these, there has been an increase of 14.7 per cent in trade, transport, hotel etc. contact-based sectors, which has received Rs 6.49 lakh crore. These sectors are also important sources of employment. More or less less skilled labor force has also been getting employment in these sectors. In fact, the economic loss caused by the Corona epidemic has almost been compensated. The gross tax revenue collected during the quarter was Rs 13.9 lakh crore, an increase of about 18 per cent. Yet the relative strength in the GDP rate and the recovery rate of the government was not observed. However, on an average, everything is looking fine in the economy, but the basic question is, why was the unorganized sector not included except agriculture? How can a true picture emerge without that?


# Meera Rajput does not like anyone calling her 'Star Wife', told the big reason behind this

Celebrity wife Meera Rajput keeps her point of view on the social media platform with great impunity. She does not hesitate to say anything on what her opinion is on anything. Recently, she gave her reaction on the use of the word Star Wife in the industry. Shahid Kapoor's wife Meera is quite popular on social media. She may not be seen in films, but maintains her presence among the audience through her content and videos online. Mira shares pictures with Shahid and other family members on Instagram, which shows her tuning in with the Kapoor clan. Apart from this, Meera uploads some videos on YouTube in her spare time, on which different comments of fans keep coming. Meera Rajput has become a star wife after marrying Shahid Kapoor. She is often called as Star Wife on public platforms and social media. But Meera doesn't seem to like the word. In a show, Meera spoke about the use of words like Star Wife and Star Kid. Meera-Badshah have fun in the show- The fifth season of 'Social Media Star with Janice' has started. The first episode of the fifth season featured rapper Badshah and Shahid Kapoor's wife Meera as guests. In the show, both of them had a lot of fun and revealed some funny moments related to their life. While Badshah revealed that funny nick names have always been given to children in their house, Mira revealed what thought her parents gave her this name. Meera does not like the word 'Star Wife' - In the same show, Meera revealed that she does not understand words like 'Star Wife' or 'Star Kid'. Mira, who is 13 years younger to Shahid, told on the show that she does not like such words. Meera said that according to her, the wife and children of any celebrity should not be called 'star'. He said that we should rise above these words. Such words may have been used to retain a value. But when people hear words like star kid, a lot is said about nepotism. I think these words should not be used anymore. I never understood the concept of Star Wife. Meera is fond of playing piano- Meera Rajput keeps sharing many of her videos on YouTube, one of which is of her piano playing. Actor Shahid's wife is fond of playing the piano and has recreated the music of many popular songs including 'Kesariya' on the piano. After her marriage to Shahid Kapoor, Mira Rajput's life was also covered by paparazzi. Mira is a YouTuber as well as a content creator. He has also shot many advertisements.



# Tragic: Social media star Megha Thakur passed away, said goodbye to the world at the age of just 21

Indo-Canadian social media influencer and Tik Tok star Megha Thakur has passed away suddenly. Megha Thakur was known for spreading the message of body positivity and confidence. Ever since the news of his demise, users have been paying tribute to him on social media. However, the reason for his death has not been revealed yet. There is an atmosphere of sorrow among his fans. The news of Megha Thakur's death has been given by her parents. Said goodbye to the world at the age of just 21 – Megha Thakur was just 21 years old, she has 93,000 followers on Tick Talk. She lived in Brampton. Originally she was a resident of Indore. Megha Thakur was also active on Instagram. He has 101,000 followers on Instagram. He posted his last video on 18 November. In the caption, he wrote, 'You are in charge of your destiny. Remember this. When did she die? Megha Thakur's parents shared this sad news on Instagram. He wrote, 'We are very sad to inform that the light of our life, our kind and caring dear daughter Megha Thakur passed away suddenly on 24th November. She was a confident and independent girl. He will be greatly missed. Megha loved her fans very much. At this time we seek your blessings for Megha. Your prayers will be with Megha.



# एटा में राष्ट्रीय लोधी महासभा का सदस्यता अभियान का शुभारंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा - राष्ट्रीय लोधी महासभा का सदस्यता अभियान का शुभारंभ। - लोधी समाज के उत्थान के लिए सदस्यता जरूरी--विवेक राजपूत।एटा,स्वामी वृहम्मानन्द जयंती की पूर्व संध्या पर जिला पंचायत स्थित कार्यालय पर स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर राट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारियों ने स्वामी जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिला कार्यालय का भी उद्घाटन हुआ। और राष्ट्रीय लोधी महासभा द्वारा चलाए जा रहे पूरे देश में सदस्यता अभियान का भी जिला एटा में जिला सदस्यता प्रभारी विवेक राजपूत प्रदेश महामंत्री ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में लोधी संगठन लोधी उत्थान के लिए काम कर रहे हैं हम लोग भी लोधी उत्थान के लिए काम करें ,लेकिन कुछ अलग हटके हमें काम करना है। इसलिए हम सबको मिलकर लोधी उत्थान के लिए जन जागरूकता अभियान चलाना होगा, और इसके साथ साथ राष्ट्रीय लोधी महासभा का सदस्यता अभियान चलाना है। आज हम एटा से सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। विवेक राजपूत जी ने फीता काटकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया, उन्होंने कहा कि यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक लगातार चलेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संरक्षक मलखान सिंह राजपूत ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर देवेंद्र लोधीने कहा कि हम सब लोग मिलकर लोधियों के उत्थान के लिए काम करेंगे। हमें किसी संगठन का विरोध नहीं करना है।क्योकि वो भी लोधी उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। हम सब मिलकर लोधी उत्थान के लिए काम करें, ऐसी हमारी इच्छा है।सदस्यता अभियान में सदस्यता लेने वालों में मलखान सिंह राजपूत, शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, कृष्ण पाल सिंह एडवोकेट ,विकास मित्र एडवोकेट, अवनीश कुमार एडवोकेट, रामनिवास राजपूत, चंद्रप्रकाश और उमेश राजपूत, राज वर्मा, देवेंद्र कुमार आदि लोगों ने सदस्यता प्राप्त की।

# एटा पहुंचे कमिश्नर अलीगढ़ मंडल नवदीप रिणवा निकाय चुनाव पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - एटा पहुंचे कमिश्नर अलीगढ़ मंडल नवदीप रिणवा निकाय चुनाव पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण। अविनाश सहाय इंटर कॉलेज निधौली रोड पर पोलिंग बूथ में चल रहे पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण। एन एच 34 पर बने सुनना पोलिंग बूथ में चल रहा है पुनरीक्षित कार्य जिस का किया निरीक्षण। कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारियों से बातचीत कर कमिश्नर ने मांगे सुझाव। अलीगढ़ मंडल कमिश्नर नवदीप रिणवा के साथ डीएम अंकित कुमार अग्रवाल एवं एसएसपी उदय शंकर सिंह व एडीएम प्रशासन आलोक कुमार और एडीएम फाइनेंस आयुष चौधरी व एडिशनल एसपी क्राइम विनोद कुमार पांडे, एसडीएम वेदप्रिय आर्य समेत अन्य अफसर रहे मौजूद।

# प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - चित्रगुप्त कल्याण समिति के तत्वाधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की 138 वीं जन्म जयंती समारोह धूम - धाम से मनाई गई। सादा जीवन एवं उच्च विचार रखने वाले ऐसे व्यक्तित्व की जयन्ती का शुभारंभ ठण्डी सड़क तिराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। इस दौरान रवीन्द्र सहाय एडवोकेट एवं डा. अमित जौहरी ने अन्य लोगों द्वारा प्रतिमा पर तिलक लगाकर शुभारंभ किया । प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि बाबू जी एक निर्भीक निडर एवं न्यायप्रिय व्यक्ति थे। समिति अध्यक्ष रवीन्द्र सहाय एडवोकेट ने भी अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर आलोक जौहरी,सुभाष चन्द सक्सैना एडवोकेट, मनोज कश्यप एडवोकेट शिवम् साहय, लालबहादुर सक्सेना, सुधीर सक्सैना, अमित जौहरी,( प्रदेश संगठन मंत्री ) ,अनुपम जौहरी, अमिताभ बिसारिया, दीनेश्वर सहाय, राजेश माथुर, हिमांशु अस्थाना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गांधी, दीपक, रवि एडवोकेट, अक्षित जोहरी,वैवभ सक्सेना, अनिल प्रकाश सक्सैना आदि बन्धु उपस्थित थे ।

# 46 मौतियाबिंद के सफल आपरेशन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत वीरांगना अवंती वाई स्व शासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा नेत्र विभाग द्वारा 46 मौतियाबिंद के सफल आपरेशन करने के बाद सर्व डा. सत्यम गुप्ता ( असिस्टेंट प्रोफेसर एवं फैको सर्जन ) डा. अंजू सिंह ( विभागाध्यक्ष नेत्र विभाग ) डा. प्रियंका द्विवेदी एस आई सी एस विशेषज्ञ डा.रजत यादव ( जूनियर रेजीडेंट ) श्री ह्रदय भूषण गर्ग ( नेत्र परीक्षण अधिकारी नेत्र सचल दल ) एवं श्री सोहन लाल शर्मा ( वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी एंव प्रभारी नेत्र विभाग ) वीरांगना अवंती वाई स्व शासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा मरीजों को डिस्चार्ज करते एवं उनके स्वास्थ्य की शुभकामनायें देते

## हरेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट का निधन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - एटा।श्री हरेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट निवासी पलिया का आज सुबह चार बजे मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली में निधन हो गया है ईश्वर मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति दे ओम शांति ओम

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# वाहन की टक्कर से मैक्स के उड़े परखच्चे, एक की मौत दो घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - थाना जैथरा क्षेत्र के गांव अमृतपुर के पास बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे किसी वाहन की टक्कर से मैक्स की भिड़ंत हो गई। इससे मैक्स के परखच्चे उड़ गए और 100 मीटर में कलपुर्जे बिखर गए। इसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनको आगरा रेफर किया गया है। गांव कसौलिया निवासी पुष्पेंद्र कुमार ( 29 ) के रूप में मृतक की पहचान हुई। जबकि गांव के ही बिजेंद्र सिंह व आंशू गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक के पिता रामखिलाड़ी ने बताया कि मैक्स दूध ढोने के काम में लगी थी। बृहस्पतिवार रात ये लोग घर लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। दुर्घटना करने वाले वाहन का पता नहीं लग सका। अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह भारी वाहन हो सकता है। क्योंकि जिस तरह से हादसे में मैक्स क्षतिग्रस्त हुई है बड़े वाहन से ही टक्कर लगना प्रतीत हो रहा है। थाना प्रभारी रामेंद्र शुक्ला ने बताया कि हादसा बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे हुआ है। चालक की मौत हुई है जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। दूध देने के बाद ये लोग एटा से गांव लौट रहे थे।

### अन्य हादसों में दो घायल

वहीं अन्य हादसों में दो लोग घायल हुए हैं। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव बावसा के पास बाइकों की टक्कर में राहुल निवासी अवागढ़ घायल हुआ है। जबकि कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित नगर पालिका के सामने बाइकों की भिड़ंत में सर्वेंद्र निवासी मानपुर शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे घायल हुआ है। गंभीर हालत में उसे आगरा रेफर कर दिया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया अनिश्चित कालीन हड़ताल का आगाज़

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



छत्तीसगढ़-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ( संबद्ध भारतीय मजदूर संघ )परियोजना ओड़गी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर 14 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज़ कर दिया है।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि,1975 से समेकित महिला एवं बाल विकास परियोजना पूरे भारत मे संचालित है,परंतु इस कार्य को करने के लिए नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आज तक सरकारी कर्मचारी घोषित नही हो पाई है,उनको आज भी मानदेय ही मिल रहा है,6500 में अपने परिवार का भरणपोषण करने को विवश हैं।वैसे तो सरकार की ये योजना भारत मे कुपोषण को खत्म करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है,परंतु सरकार की,शासन के द्वारा हमें अनदेखा कर के हमें ही कुपोषित किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत हमे भी प्राथमिकता न देकर अनदेखा किया जा रहा है।और तो और इस 6500 के अल्प मानदेय से ही हमे इंटरनेट का खर्च करवाकर,पोषण ट्रैकर एप में काम करवाया जा रहा है। ऐसी ही अनेक विसंगतियों ,समस्याओं के निवारण के लिए पूरे छत्तीसगढ़ की कार्यकर्ताओ ने आंदोलन का बिगुल बजाया है।छत्तीसगढ़ में 1,00000 लाख से भी ज्यादा की संख्या में कार्यकर्ता बहनों ने शासन की योजनाओं को फलीभूत सफल कर रहे हैं। समस्याओं को समय समय पर राज्य शाशन को ज्ञापन सौंपकर उनके संज्ञान में लाया जा रहा है,परंतु आज तक कोई निराकरण नही हो पाया है। लेकिन अब ये आंदोलन अनिश्चितकालीन है,जब तक हमारी मांगे पूरी नही होती हम अपने आंदोलन में डटे रहेंगे। अपने मुख्यालय परियोजना में धरना देंगे।और सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना स्थल एवम ध्वनि विस्तारक यंत्र का भी उपयोग किया जाएगा।उपरोक्त जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी है।

# संबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शनिवार को ग्राम पंचायत हीरा डबरी, संबलपुर लटोरी के प्राथमिक शाला प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के 卐ग्रामीण विकास पर युवा卐 थीम पर चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का समापन हुआ । इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों और शिक्षकगण के द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सूरजपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष जगलाल सिंह देहाती ने शाला विकास के लिए 2 लाख देने की घोषणा की एवं शिविर में भाग लेने वाले बालको को पुरुस्कार का वितरण किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता महेशवर पैकरा जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि किरन कैराम जनपत सदस्य, कान्ती सिंह सरपंच ग्राम पंचायत सम्बलपुर जिला सूरजपुर ( छ.ग. ), हरिलाल सिंह केराम पूर्व जनपद सदस्य, कवल बिहारी सिंह टेकाम पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सम्बलपुर, मनोज सिंह पैकरा उपसरपंच ग्राम पंचायत सम्बलपुर, झम्मन सिंह ग्राम हिराडबरी के पटेल, उर्मिला पंच ग्राम पंचायत सम्बलपुर, नानकेश्वर लकडा पंच ग्राम पंचायत सम्बलपुर, मनेश्वर सिंह, सावन साय, मोहन शर्मा, भोला दास, एकता एक्का, शिल्पी श्रीवास्तव प्राचार्य, एनएसएस इकाई के बालक बालिका व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# सीईओ ने किया नवीन तालाब निर्माण कार्य एवं स्कूलों का निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने ग्राम पस्ता में बन रहे नवीन तालाब निर्माण एवं तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा बिट का मिट्टी 5 मीटर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इनलेट में पिचिंग कराने एवं जाली निर्माण करने एवं आउटलेट में हुएम पाइप लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मेट पंजी, मास्टर रोल निरीक्षण दौरान नहीं रखा गया था रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस देने पीओ मनरेगा को जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक, माध्यमिक, आंगनबाड़ी केंद्र पस्ता का मौके में ही जांच किया जहां शिक्षकों की अनुपस्थिति पाई गई। उन्होंने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की कड़ी में नवीन डबरी निर्माण कार्य आमापारा नारायणपुर, आंगनबाड़ी केंद्र बांसपारा, स्टॉप डैम शिवपुर, रांपा नाला, प्राथमिक शाला परमेश्वरपुर, मिट्टी सड़क परमेश्वरपुर, नरवा उपचार पवन पुर का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां उन्होंने प्राथमिक शाला परमेश्वरपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल लगाए जा रहे हैं उन्हें बाहर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने रम्पा नाला कंटूर ट्रेंच को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन डबरी निर्माण कार्य आमापारा नारायणपुर के रोजगार सहायक के कार्य में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की एवं 10 दिन में तालाब ठीक कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को समय में उपस्थित रहकर अध्यापन का कार्य करने के निर्देश दिए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सूरजपुर पुलिस ने अभियान चलाकर 18 गिरफ्तारी-स्थाई वारंट किए तामील



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामिल करने के निर्देश सभी थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस के द्वारा 2 स्थाई वारंटी तथा 6 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है तो वहीं थाना सूरजपुर पुलिस ने 4 स्थाई व 6 गिरफ्तारी वारंट तामील कर वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया है। वारंटियों की धरपकड़ के इस अभियान में चौकी बसदेई पुलिस ने मारपीट व आबकारी एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी प्रसाद साहू व मोती सिंह को पकड़ वारंट तामील किया है। इसी प्रकार अलग-अलग मामलों में 6 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है। इसी क्रम में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा आबकारी एक्ट, लूट, मारपीट, चोरी के मामले में स्थाई वारंटी तुलसी प्रसाद, श्याम सिंह, राहुल साहू, चैन प्रकाश को पकड़ स्थाई वारंट तामील किया है तथा 6 अलग-अलग गिरफ्तारी वारंट तामील करने में सफलता हासिल किया है। वारंटियों की तामिली हेतु पुलिस टीमें लगातार विभिन्न जगहों पर दबिश दे रही है। इन सभी वारंटियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, लिनुस लकड़ा, थॉमस मिंज, आरक्षक अमित सिंह, निलेश जायसवाल, रामसागर साहू, विश्वजीत सिंह, गुरूदेश्वर सिंह, ओम प्रकाश सिंह व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे।